पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

भारत रत्न दिये जाने पर राज्यपाल की बधाई

लखनऊः 24 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा स्व0 मदन मोहन मालवीय को भारत रत्न दिये जाने पर देश के राष्ट्रपति, श्री प्रणव मुखर्जी तथा प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि लंबे समय से श्री अटल जी को भारत रत्न देने की जनता की इच्छा आज पूरी हुई। इसके साथ ही महामना पंडित मदन मोहन मालवीय को भारत रत्न देने का निर्णय तो दूध में शक्कर की मिठास जैसा है। उन्होंने महामना के परिवार जनों को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है कि दोनों ही विभूतियों इसी उत्तर प्रदेश की हैं।

श्री नाईक ने कहा कि पं0 मदन मोहन मालवीय एक महान शिक्षाविद् व समाज सुधारक थे। उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के रूप में जो एक बिरवा रोपा था, अब वह वटवृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि महामना यह जानते थे कि भारत का विकास शिक्षा के माध्यम से किया जा सकता है।

राज्यपाल ने बधाई देते हुए कहा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी सर्वमान्य नेता हैं, जिनका सम्मान और प्रशंसा विरोधी दल के नेता भी करते हैं। श्री वाजपेयी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी हैं, जिनमें संसदीय प्रणाली में दृढ़ विश्वास, कोमल हृदय वाले कवि, उत्कृष्ट वक्ता जैसे गुणों के साथ-साथ सबको लेकर चलने की अद्भुत क्षमता है। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि उन्हें श्री अटल जी के साथ सार्वजनिक जीवन तथा सरकार में काम करने का अवसर मिला।

श्री नाईक ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस अपनी ओर से स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।